राज्यपाल ने गोधाम में भूसा घर , शैड का उदघाटन किया 23-4-2017

गुडगांव - तावडू क्षेत्र के गांव बिस्सर अकबपुर गांव स्थित कामाधेनु गोधाम एक आदर्श गोधाम है। जिसमें गोवंश का संरक्षण एवं संवर्धन उच्चकोटि का है। इसके साथ गोधाम में जैविक खेती, पंचगव्य पर अनुसंधान किए जा रहे हैं। इससे भी बढकर समय कीे मांग के अनुसार यहां प्राकृतिक चिकित्सा, योग एवं वानप्रस्थ आश्रम बनाया जा रहा है। यह सबकुछ इसलिए संभव हो पा रहा है कि सेवानिवृत अनुभवी अधिकारी श्री एसपी गुप्ता और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शशि गुप्ता यहां रहकर निस्वार्थ , सेवा और संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। यह विचार हरियाणा के महामहिम राज्यपाल श्री कप्तान सिंह सोलंकी ने रविवार को गोधाम के वार्षिक समारोह में व्यक्त किये।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में आगे कहा कि कामधेनु गोधाम द्वारा जो अदभुत कार्य किये जा रहे हैं उसे पूरे देश की गोशालाओं में अपनाने की जरुरत है। उन्होंने इस बात की भरपूर प्रशंसा की कि इनके बच्चों ने यह जमीन जिस पर उन्होंने फार्म हाउस बनाया हुआ था इस ट्रस्ट को दान में दी जो कि अनुकरणीय है। क्योंकि आज के समय में गोशालाओं के लिए जमीन उपलब्ध कराना बडा कठिन है। गोधाम के निरीक्षण के दौरान मुझे यह महसूस हुआ कि गोधाम की भावी योजनाओं को जो कि समय की मांग के अनुसार बडी महत्वपूर्ण एवं अभूतपूर्व हैं उनके लिए यह जमीन कम पडेगी। अत मैं राज्य सरकार से आग्रह करुंगा कि गोधाम को जमीन उपलब्ध कराने में मदद करे ताकि भावी योजनाओं को सुचारु रुप से लागू कर सकें। राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित गोभक्त एवं महानुभावों से भी अनुरोध किया वे गोधाम की कार्ययोजनाओं को सिरे चढाने के लिए अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग दें। महामहिम ने इस दिशा में पहल करते हुए कामधेनु गोधाम को अपने स्वैच्छिक कोष से दस लाख रुपये देने की घोषणा की।

महामहिम राज्यपाल ने इस मौके पर आहवान किया कि आईएएस जैसे उच्च पदों से सेवानिवृत्त अधिकारी यदि ऐसी सेवा प्रकल्पों से जुड़ जायें तो राष्ट्र का चहुंमुखी विकास संभव है। श्री एस.पी. गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शशि गुप्ता ने जो सेवा का प्रकल्प चुना आज के युग में इससे प्रेरक उदाहरण नहीं हो सकता। आज मैंने यहां आकर गायों के प्रति जो सेवा भावना देखी वह सभी के लिए प्रेरणा है। गौ सेवा के साथ जो शोध का कार्य यहां चल रहा है। जिसमें पंचगव्यों पर अनुसंधान का कार्य कर रहे हैं और विभिन्न गौ उत्पाद जिनमें मुख्यत जडीबुटियों से युक्त घी, घी से निर्मित नाक में डालने की दवा, गोअर्क, गोनाइल, गो तुलसी अर्क, दर्द निवारक बाम इत्यादि है। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण कार्य है। राज्यपाल ने इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की लोगों में अच्छे संस्कार पैदा करने, गोवंश के प्रति लोगों को जागरुक करने व चरित्र निर्माण के लिए हर मास के अंतिम रविवार को यहां गोधाम में यज एवं प्रवचन संत और महानुभावों द्वारा कराए जाते हैं।

इस मौके पर राज्यपाल ने नवनिर्मित भूसा घर , शैड का उदघाटन किया और मुख्य दानवीरों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर सभा को संबोधित करने हुए सुप्रसिद्ध साहित्यकार , शिक्षाविद श्री वेदप्रताप वैदिक ने कहा कि कामधेनु गोधाम संस्था अपने आप में एक बेजोड़ संस्था है। श्रीमान एस.पी.

गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी ने गोधाम को नयी उचांईयां प्रदान की हैं। यहा ंआकर मुझमें भी आध्यात्मिकता का निर्माण होने लगता है। संस्था विकास के नये शिखर प्राप्त करती रहे। अनवरत प्रकाश पुंज फैलाती रहे हैं। यह मैं शा ुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने सभी सेवानिवृत अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे श्री एसपी गुप्ता की तरह अपने अनुभव का प्रयोग करके समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सहयोग दें।
हरियाणा गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्री भानीराम मंगला ने इस अवसर कहा कि कामधेनु गोधाम एक आदर्श गोशाला है। श्री मंगला ने गोशाला को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। सोहना विधायक श्री तेजपाल तंवर ने भी कामधेनु गोधाम के कार्य की प्रशंसा करते हुए भावी योजनाओं के लिए शुभकामनाएं दी। सोहना विधायक ने गांव बिस्सर अकबपुर सहित अन्य पांच गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल करने का सराहनीय कार्य करने वाले दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारी श्री प्रमोद कुमार एसडीओ पटौदी को सम्मानित किया गया। विधायक ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता एवं जेई को गांव की सडक का युद्धस्तर पर निर्माण कार्य करने के लिए पुरस्कृत किया गया।
इस अवसर पर संस्था के संस्थापक चेयरमेन श्री एस.पी. गुप्ता ने कहा कि कामधेनु गौधाम का शुभारम्भ 13 अप्रैल 2013 को हुआ। हमारा मुख्य उदेश्य गोवंश का संरक्षण व स्वदेशी गोवंश नस्ल जो खराब हो चुकी है उसको ठीक करना है। इस दिशा में इन तीन वर्षों में हमनें नये आयाम स्थापित किये हैं। जिसकी हमें समाज, सरकार, स्वयंसेवी संस्थाओं समाजिक कार्यकर्ताओं व सरकारी अर्ध सरकारी संगठनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी इस नैतिक व चारित्रिक कार्य में हमें सभी का सहयोग मिलता रहेगा।
इस मौके पर कार्यक्रम में फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त डॉ0 हनीफ कुरैशी, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी के वीसी एसपी बंसल, समाजसेवी एमपी बंसल, खेल विभाग के एसीएस केके खंडेलवाल , एम3एम इंडिया कंपनी के निदेशक रूप बंसल, श्री वाईसी मोदी अतिरिक्त निदेशक सीबीआई, पूर्व डीज् ीपी हरियाणा श्री यशपाल सिंघल, आईजी साउथ रेंज हरदीप सिंह दून ,डॉ0 जोगेन्द्र सिंह चांसलर, ओपीजे यूनिवर्सिटी एवं चेयरमैन ओके इंडिया न्यूज चैनल, जगमोहन मित्तल रोहतक, वंडर गर्ल जाहन्वी, गोल्ड सूक कंपनी के सीएमडी सुरेन्द्र गुप्ता, एनआरआई श्रीमती नीना खन्ना, भोपाल से डॉ0 चौतन्य अग्रवाल, डॉ0 मीना अग्रवाल, प्रसिद्ध समाजसेवी श्रीमती अर्चना सिंघल , श्री सचिन कंसल, श्री ज्ञान अग्रवाल, श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री श्यामलाल गुप्ता, प्रसिद्ध समाजसेवी प्रेम प्रकाश गुप्ता, श्री मनमोहन गोयल रोहतक, श्री शरद गोयल, श्री अभय जैन, वरिष्ठ पत्रकार श्री पवन बंसल, श्री राजकुमार अग्रवाल दिल्ली, श्री राजेश बंसल कनीना, श्री योगेश गुप्ता, श्रीमती सुखविंद्र कौर द्वारका, गुडगांव के डेंटल सर्जन डाक्टर पवन कुमार, श्री अशोक बंसल सोहना, तावडू से श्री सुनील जिंदल , श्री जय सिंह, श्री टेकचंद सैनी, श्री धर्मबीर गर्ग, गुगल ब्वॉय कोटिल्य, समेत सैंकड़ों अन्य गणमान्य लोग व प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए।

HP
COMMANDO